**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–15.08.2024 (सुबह 1010 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. 78 वां स्वतंत्रता दिवस पर आज देश भर में उत्सव का माहौल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर पर फहराया तिरंगा, कहा–आज वीर बलिदानियों को नमन करने का दिन, समृद्ध भारत बनाने की जताई प्रतिबद्धता।
2. स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा–सामाजिक न्याय देश की सर्वोच्च प्राथमिकता, भारत अनेकता में एकता की भावना के साथ आगे बढ़ रहा ।
3. राज्यपाल संतोष गंगवार ने दुमका में फहराया तिरंगा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में किया ध्वजारोहण।
4. राज्य वसूल सकते हैं खनन भूमि और खनिज पर 2005 से बकाया टैक्स, सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जताया आभार–कहा–झारखंड को केन्द्र से मिलेंगे एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये।
5. पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षा बलों को एक बार फिर मिली सफलता, राजाबासा जंगल से एक आईईडी बम किया बरामद, सुरक्षाकर्मियों ने किया डिफ्यूज ।

****************

78 वां स्वतंत्रता दिवस को लेकर आज झारखंड समेत देशभर में उत्साह का माहौल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले के प्राचीर से राष्ट्रध्वज फहराया और देश को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन वो शुभ घड़ी है कि जब हम देश की आजादी के लिए प्राणों का त्याग करने वालों और आजीवन संघर्ष करने वालों को स्मरण करते हैं ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष प्राकृतिक आपदा के कारण हम सभी की चिंता बढ़ी है। अनेक लोगों ने अपने परिजन खोये हैं। यह देश उन सभी के साथ खड़ा है। श्री मोदी ने कहा कि देश के 140 करोड़ नागरिक कंधे से कंधा मिलाकर एक संकल्प लेकर चले तो हर चुनौती को पार कर देश को 2047 तक विकसित बना सकते हैं।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए कुछ लोगों ने स्किल तो कुछ ने प्रौद्योगिकी और कुछ ने मीडिया को ग्लोबल बनाने का सुझाव दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वोकल फॉर लोकल मंत्र आज .देश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि का मंत्र बन गया है।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि देशवासियों ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने के लिए अनगिनत सुझाव दिए हैं।

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस का विषय विकसित भारत/2047 है। लालकिले पर आयोजित समारोह को देखने के लिए लगभग छह हजार विशेष मेहमानों को आमंत्रित किया गया । इसमें 24 अलग–अलग श्रेणियों के लोग शामिल हैं, जो राष्ट्र के विभिन्न हिस्सों से आते हैं।

****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत अनेकता में एकता की भावना के साथ एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। सामाजिक असमानता को बढ़ावा देने वाली पुरानी प्रथाओं को नकराने का समय आ गया है। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन में उन्होंने कहा कि यह दिवस 140 करोड़ देशवासियों के साथ महान देश का हिस्सा होने की हमारी खुशी को अभिव्यक्त करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि सामाजिक न्याय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत जल्द ही भारत तीसरी बडी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। यह देश के किसानों, श्रमिकों और दूरदर्शी योजनाकारों और उद्योगपतियों के प्रयासों से ही संभव हुआ है।

राष्ट्रपति ने पेरिस ओलिम्पिक खेलों में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए भारतीय खिलाडियों की निष्ठा और परिश्रम की सराहना की।

****************

झारखंड में भी स्वतंत्रता दिवस की धूम है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उपराजधानी दुमका में तिरंगा फहराया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने तीन नए कानून को एतिहासिक कदम बताया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित राजकीय समारोह में ध्वजारोहण किया । अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने आजादी दिलाने के लिए अपना बलिदान देने वाले वीर शहीदों को नमन किया।

****************

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज शाम सात बजे आकाशवाणी से राज्य की जनता के नाम संदेश देंगे। मुख्यमंत्री के संदेश के कारण आकाशवाणी रांची से आज शाम सात बजे प्रसारित होने वाला प्रादेशिक समाचार शाम पौने सात बजे प्रसारित किया जाएगा जबकि जिले में आजकल का प्रसारण छह बजकर पचपन मिनट पर होगा।

****************

खनिज रॉयल्टी पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वागत किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक फ़ैसले से अब झारखंड को केंद्र से अपने बकाये के 1 लाख 36 हज़ार करोड़ रुपये मिलेंगे। उन्होंने कहा कि 2005 से खनिज रॉयल्टी का बकाया मिलेगा जिसका 12 साल में चरणबद्ध तरीक़े से भुगतान होगा। श्री सोरेन ने कहा कि राज्यवासियों के हक़ सुरक्षित होने के साथ इन पैसों का उपयोग जन–कल्याण में होगा, और हर झारखंडवासी को इसका पूरा लाभ मिलेगा।

****************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में टोंटो थाना क्षेत्र के राजाबासा जंगल में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान 5 किलोग्राम का एक आईईडी बरामद किया गया है। सुरक्षाकर्मियों ने आईईडी को जंगल में ही विनष्ट कर दिया।

****************

सिमडेगा जिले के कोलेबिरा प्रखंड के झपला क्षेत्र में वज्रपात की चपेट में आने से फुटबॉल के तीन खिलाड़ियों की मौत हो गई,जबकि पांच अन्य घायल हो गए । कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को मुआवजा राशि के शीघ्र भुगतान का आश्वासन दिया है।

****************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

78 वें स्वतंत्रता दिवस के उत्साह और उससे जुड़े कार्यक्रमों की खबर को रांची से प्रकाशित प्रमुख अखबारों ने अपनी सुर्खी बनाई है। इसके अलावा खनिजों से होने वाली आय मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है— रांची में खुलेगा सीबीएसई का क्षेत्रीय कार्यालय।

दैनिक जागरण ने तिरंगे के रंग में रंगे विधानसभा भवन की फोटो स्टोरी को पहले पन्ने पर जगह दी है ।

हिन्दुस्तान ने लिखा है— सम्मान : झारखंड के आठ जाबांजों को वीरता पदक।

***************